संक्षिप्त

भंडारे का आयोजन आज

मनोहरपुर। बानसूर विधानसभा क्षेत्र के गाँव नागडीवास में फूटा जोहड़ा बालाजी महाराज की कृपा से और श्री रतन दास जी महाराज के सानिध्य में हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी गौ माता का मेला और भंडारे का आयोजन किया जा रहा है यह मेला गत तीन वर्षो से भरवाया जा रहा है इस मेले में कोटपुटली बानसूर क्षेत्र व दूर दूर से लोग आकर गौ माता के दर्शन और प्रसादी प्राप्त करते है इस आयोजन के लिए गौ सेवक समिति के अध्यक्ष और फूटा जोहड़ा मंदिर उत्तराधिकारी युवराज आचार्य बलराम दास जी गाँव गाँव जाकर जनता को आमंत्रित कर रहे है बताया गया की इस मेले में हजारों लोग भाग लेते है,मेले की तैयारी जोरों से चल रही है। राजगढ़ कस्बे के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में पोस्ट मॉडल एवं प्रोजेक्ट मेकिंग कार्यक्रम प्राचार्य डॉ के एल मीना की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इसमें कॉलेज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने कल का उत्कृष्ट नमूना प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में कलात्मक एवं रचनात्मक कौशल विकसित करने के साथ जागरूकता प्रेरित करना रहा।

अतिक्रमण हटाया

बौंली-बामनवास। क्षेत्र के कोडियाई गांव में मंगलवार को स्टेट हाईवे 117 से पुलिस व प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए करीब 1 किलोमीटर के दायरे से में हो रहे कच्चे व पक्के अतिक्रमणों को शांतिपूर्ण तरीके से हटा दिया। अतिक्रमण हटाने के दौरान बौंली थाना प्रभारी राधा रमन गुप्ता, तहसीलदार रामचंद्र मीणा, मित्रपुरा थाना प्रभारी यशपाल सिंह, नायब तहसीलदार बसंत शर्मा मय पुलिस बल एवं संसाधनों को लेकर मौके पर पहुंचे एवं कोडियाई गांव के स्टेट हाईवे 117 सड़क मार्ग से 1 किलोमीटर तक हो रहे कच्चे व पक्के निर्माणों को जेसीबी व अन्य संसाधनों की सहायता से हटाकर सड़क निर्माण की बाधा दूर कर दी। मित्रपुरा थाना प्रभारी यशपाल सिंह ने बताया कि अतिक्रमण हटाने का कार्य शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया है।

भंडारा बुधवार को

कोटपूतली। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम नांगडीवास कसाणा की ढ्राणी स्थित देव महाराज की बनी में बुधवार 08 जनवरी को श्री बालाजी गौशाला का तृतीय वार्षिकोत्सव व देवनारायण महाराज का विशाल भण्डारा श्री श्री 108 रतन दास महाराज के सानिध्य में बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जायेगा। बालाजी गौ समिति नागडीवास (फूटा जोहड़ा धाम) अध्यक्ष बलराम दास ने बताया कि बुधवार प्रातरू हवन एवं गौ पूजा का आयोजन होगा। जिसके बाद प्रातरू 10 बजे से नेहड़ा कार्यक्रम व प्रातरू 11 बजे से भण्डारा प्रसादी का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में गायक कलाकार इन्द्राज म्हासी, जयराम ठेकला, सुगन म्हासी, महेश लताला द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी जायेगी।

सुंदरकांड पाठ का आयोजन

कोटपूतली। कस्बे के बानसूर रोड स्थित श्री जयसिंह गौशाला में मंगलवार को नृसिंहदास अग्रवाल द्वारा श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन करवाया गया। जिसमें सुनील कुमावत पार्टी द्वारा श्री सुंदरकांड पाठ किया गया। जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालूओं ने श्री सुंदरकांड का पाठ किया। जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की। सुंदरकांड के पश्चात गौशाला में आर्थिक सहयोग भेंट करने पर नृसिंहदास अग्रवाल, रजत जिंदल, राजेश सवाईका का सम्मान किया गया। इस मौके पर मनोज अग्रवाल, हरिओम अग्रवाल, अध्यक्ष सुरेश पायोनियर, महामंत्री नंदलाल जोशी, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र बालास्या, मीडिया व सवामणि प्रभारी पार्षद मनोज गौड़, किशन शरण बंसल, महेश भट्टे वाले, मनोज सोनी, सुभाष प्रजापति समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालू मौजूद रहे।

पौषबड़ा महोत्सव में उमड़े श्रद्धालु

निवाई/गुंसी। गांव गुंसी में सोमवार को बिजासनी माता के पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। मंदिर पुजारी मनोज प्रजापत ने बताया कि गुंसी में बिजासनी माता के पोष बड़ा महोत्सव को लेकर बिजासनी माता की भव्य झांकी सजाई गई। इस अवसर पर बिजासनी माता के मंदिर को लाइट डेकोरेशन से सजाया गया। उन्होंने बताया कि पौष बड़ा कार्यक्रम के अवसर पर माता जी की महाआरती करके पौष बड़ों का भोग लगाया गया। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन हुआ जिसमे हजारों श्रद्धालुओं में पंगत प्रसादी ली। श्रद्धालुओं ने माता जी के धोक लगाकर सुख समृद्धि की मंगल कामना की।

विधायक ने राजकीय शहरी क्लिनिक का फीता काटकर उद्घाटन किया

- 51 किलों की फूलमाला पहनाकर विधायक का स्वागत किया
- सिकराय में आयोजित मातृ शक्ति सम्मेलन में शिरकत की

विधायक विक्रम बंशीवाल ने शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर राजकीय शहरी क्लिनिक का उद्घाटन किया।

सिकराय, (निसं) विधायक विक्रम बंशीवाल मगंलवार को मानपुर चौराहे के सिकराय रोड़ पर शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर राजकीय शहरी क्लिनिक का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक का 51 किलो की फूलमाला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। शहरी क्लिनिक के उद्घाटन कार्यक्रम में डॉ.भोलाराम गुर्जर व चिकित्साकर्मी सहित किलनिक उपचार के लिए लगाए चिकित्सक स्टाफ मौजूद रहा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विक्रम बंशीवाल ने कहा कि शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर राजकीय शहरी क्लिनिक के खुलने से क्षेत्र लोगों को उपचार के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा लोगों को क्लिनिक पर एक चिकित्सक व दो नर्सिंगकर्मी एक फार्मासिस्ट व एएनएम उपस्थित मिलेंगे। जिनके द्वारा किलनिक पर आने वाले बीमार मरीजों की स्वास्थ्य की जांच के बाद निः शुल्क दवा दी जायेगी व महिलाओं व बच्चों का टीकाकरण भी किलनिक पर होगा।

उन्होंने ने क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने क्षेत्र के विकास के लिए करोड़ों रुपयों का बजट व सौगातें दीं हैं। विकास के कार्यो का शिलान्यास के बाद निर्माण कार्य शुरू हो चुके हैं। उन्होंने ने कहा कि महाविद्यालय व करोड़ों रुपयों की सड़कें,220 केवी बालाजी में बिजली स्टेशन, पांचोली में 33 केवी बिजली सब स्टेशन, छात्रावास सहित कई विकास कार्यों के होने के बाद क्षेत्र में चहुंमुखी विकास कार्य में चार चांद लगेंगे। किलनिक के उद्घाटन के बाद सिकराय कस्बे के आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित मातृ शक्ति सम्मेलन कार्यक्रम में विधायक विक्रम बंशीवाल ने शिरकत की।

कार्यक्रम में विधायक का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान विधानसभा संयोजक रामोतार कसाना,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष धारासिंह बासड़ा, मंडल अध्यक्ष दयाराम घूमना, बाबू लाल सैनी, रतन जोशी, सरपंच संघ अध्यक्ष विपिन मीना, पांचोली सरपंच गुलाब बैरवा, कमलेश ठीकरीया, राजेश गौड़, दिनेश सैहणा, रामभरोसी मीना, रविन्द्र बैरवा, सहित भाजपा कार्यकर्ता व ठामीण मौजूद रहे।

अस्पताल की समस्याओं को लेकर मंत्री को पत्र लिखा

फुलेरा। कस्बे के उपजिला अस्पताल की विभिन्न समस्याओं को लेकर स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता एवं शिक्षाविद् ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री को गजेन्द्र खींवसर को एक पत्र लिखा है। पत्र में बताया कि स्थानीय चिकित्सालय को उपजिला अस्पताल में क्रम्मोन्नत हुए करीब पौने दो वर्ष हो चुके है। लेकिन उपजिला अस्पताल स्तर की सुविधाओं का अभी भी अभाव है। जबकि राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

साथ ही राज्य की भजन लाल सरकार भी स्वास्थ्य सेवाओं को संकल्पबद्धता के साथ नई ऊंचाईयाँ देने की बात कह रही है। वहीं पत्र में आगे बताया कि स्थानीय चिकित्सालय में चिकित्सकों एवं नर्सिंग कर्मियों के कई पद रिक्त चल रहे है। यदि उक्त पदो को उन्हें भरने से जनता को इसका समुचित लाभ मिल सकेगा। इसी क्रम में आगे बताया कि चिकित्सालय में ऑर्थोपेडिक सर्जन एवं जनरल सर्जन (एम.एस.) का पद रिक्त होने के कारण पीड़ित रोगी को जयपुर रेफर करने की बाध्यता बनी रहती है।

अतः जनता के हितों को ध्यान रखते हुए उक्त चिकित्सकों की नियुक्ति करवाने का आग्रह किया गया। इसके अलावा पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि यहां चिकित्सालय में सोनाग्राफी मशीन व डॉयलेसिस मशीन के आदेश हो गये है। परन्तु मशीनों के संचालन के लिए सोनोलॉजिस्ट तथा नेफरोलॉजिस्ट नहीं है। इसके चलते उक्त पदों पर भी नियुक्ति प्रदान के आदेश करने जारी करने का भी आग्रह किया। ताकि जनता को इसका भी समुचित लाभ मिल सके।

पौषबड़ा की हजारों ने पाई प्रसादी

- लोगों ने कार्यक्रम का लुत्फ उठाया

पौषबड़ा महोत्सव के दौरान बांटी प्रसादी।

कोटपूतली। कस्बे के नगरपरिषद पार्क के पास श्री साँवरिया सेठ गौ हितार्थ सेवा समिति द्वारा मंगलवार को पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना ने प्रसादी का वितरण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। पौषबड़ा महोत्सव में हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान अध्यक्ष गुरुप्रसाद अग्रवाल, उपाध्यक्ष बंशी यादव, सचिव अनिल मंगल, कोषाध्यक्ष गोविन्द बिदाणी, सह सचिव अमित सोनी, सूर्यकान्त बिदाणी, प्रदीप सैनी, मनोज, विजय बिजवाडिया, सुरेश चौधरी, संजय अग्रवाल, संजय बंसल, अशोक गोयल, विनोद लखेरा, रामबिलास सैनी, हेमन्त सैनी समेत अन्य मौजूद रहे।

अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों व जनसंगठनों के साथ हुई समन्वय बैठक

जनसंगठनों की समन्वय बैठक में चर्चा करते हुए अधिकारी व जनप्रतिनिधि।

निवाई। सिकोईडिकोन एवं किसान सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में शिवमंगल पैराडाइज में सरकारी अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं जनसंगठनों के साथ समन्वय बैठक का आयोजन किया गया जिसमें निवाई ब्लॉक के विभिन्न विभागों से सरकारी अधिकारी, पंचायत जन-प्रतिनिधियों व जन संगठनों के सदस्यों ने भागीदारी निभाई।

शाखा प्रभारी अनीता शर्मा ने बैठक का उद्देश्य बताते हुए बताया कि बैठक के माध्यम से सरकारी योजनाओं, पंचायत के नवाचार व स्थानीय समस्याओं पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्यवक्ता थाना प्रभारी हरिराम वर्मा ने सड़क सुरक्षा, नशाबंदी एवं साइबर सुरक्षा के प्रति पुलिस प्रशासन के प्रयासों की जानकारी दी। महिला एवं बाल अधिकारिता विभाग से अनुजा ने महिलाओं व बालिकाओं के पोषण व स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

मंडी सचिव डॉ. कमलकिशोर सोनी ने जैविक खेती को बढ़ावा देने एवं किसानों को परंपरागत तरीके से खेती करने हेतु प्रेरित किया। संस्था निदेशक आलोक व्यास ने सरकारी विभाग एवं जन संगठनों के आपसी समन्वय को बेहतर बनाते हुए साथ में मिलकर काम करने एवं अपने मुद्दों को समस्याओं को पहचान कर उन पर काम करने की जानकारी दी।

पशु चिकित्सा अधिकारी लक्ष्मण सिंह ने पशु बीमा, ब्लॉक बीसीएमएचओ शैलेंद्रसिंह चौधरी ने स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न योजनाओं, शिक्षा विभाग से ओमप्रकाश गौतम व रमेश विजय ने शिक्षा में नवाचार एवं बालिकाओं के लिए छात्रवृत्ति से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं राहोली से प्रधानाचार्य योगेश नरूका, महिला सलाह सुरक्षा केंद्र से सुनीता शर्मा ने महिला हिंसा से संबंधित व महिला साल सुरक्षा केंद्र की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से चर्चा की। बैठक में सरपंच देवालाल गुर्जर, भवानी सिंह, शीला मीना, आशा जाट, संस्था कार्यकर्ता अर्जुनदेव, केदारमल बैरवा, ममता शर्मा व सोनू चौधरी सहित कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

गणतंत्र दिवस की तैयारी बैठक

टोंक। गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर मालपुरा विनोद कुमार मीना की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में एडीएम ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि गणतंत्र दिवस की तैयारियों को गंभीरता से लेते हुए सभी व्यवस्थाएं नियत समय पर सुनिश्चित कर ली जाएं। उन्होंने आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने जिला स्तरीय मुख्य समारोह में बैठने की व्यवस्था, पारितोषिक वितरण, योगाभ्यास, सरकारी कार्यालयों पर रोशनी, सांस्कृतिक झलकियां, सफाई एवं यातायात व्यवस्था इत्यादि पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

एडीएम ने बताया कि गणतंत्र दिवस के कार्यक्रमों के तहत कृषि ऑडिटोरियम में 24 जनवरी को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। 26 जनवरी को प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण पुलिस परेड ग्राउंड टोंक में होगा। इसके बाद सलामी एवं राष्ट्र धुन, परेड निरीक्षण, मार्च पास्ट, राज्यपाल का संदेश पठन, वीरांगनाओं का सम्मान, सांस्कृतिक झलकियां, विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की झांकियां, पारितोषिक वितरण, योगा ड्रिल, सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। दोपहर बाद क्रिकेट मैच खेला जाएगा।

बैठक में सीईओ परशुराम धानका, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेंद्र सिंह भाटी, उपखंड अधिकारी हुक्मीचंद रोहलानिया, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. छोटूलाल बैरवा, एडीईओ हीरालाल जाट, जिला रसद अधिकारी ओमप्रकाश जोतड, कवि प्रदीप पंवार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

अलवर भाजपा के 18 मंडल अध्यक्ष घोषित

अलवर भाजपा के 30 में से 18 मंडल अध्यक्षों को नियुक्ति पत्र दिए।

अलवर। भाजपा अलवर दक्षिण के 30 में से 18 मंडल अध्यक्ष घोषित कर दिए गए हैं। 12 को होल्ड रखा गया है। अब जल्द ही अलवर के दोनों जिलाध्यक्ष बदल जाएंगे। यह बात मंगलवार को अलवर आए संगठन चुनाव के प्रभारी व पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर ने बीजेपी कार्यालय में मीडियाकर्मियों को कही।

कालूलाल गुर्जर ने कहा- अलवर दक्षिण जिले में कुल 30 मंडल हैं, जिनमें से 18 का चयन कर लिया। केवल 3 रिपीट किए गए हैं। बाकी सभी को बदल दिया है। मंडल अध्यक्ष के साथ एक मंडल प्रतिनिधि भी बनाया गया है। मंडल अध्यक्षों का चयन निष्पक्ष तरीके से कार्यकर्ताओं की सहमति से किया गया है। यह सही है कि कई जगहों पर मंडल अध्यक्षों के चयन से पहले संबंधित की उम्र सहित कई ऑब्जेक्शन आए हैं। उन पर जांच की जाएगी। उसके बाद शेष मंडल अध्यक्ष भी घोषित कर दिए जाएंगे।

कालूलाल गुर्जर ने कहा- अधिकतर मंडल अध्यक्ष बन गए हैं। जल्द आगे पार्टी जिलाध्यक्ष बनेंगे। अलवर जिले में दो जिलाध्यक्ष हैं। अगर क्राइट एरिया में आ रहे हैं तो दोनों बदले जाएंगे। भले ही कार्यकाल पूरा हो या नहीं। इससे पहले यह कयास लगाए जा रहे थे कि जिलाध्यक्ष को चुने हुए केवल दो साल ही हुए हैं। आम तौर पर पार्टी में जिलाध्यक्ष का कार्यकाल तीन साल होता है। वैसे भी विधानसभा चुनाव से पहले यही जिलाध्यक्ष थे।

इधर भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने बताया कि नव नियुक्त मंडल प्रतिनिधि सूची में विधानसभा अलवर से श्रीषिवाजी मंडल के हरीष अरोडा,श्रीकेषव मंडल के राजेन्द्र कुमार सैनी विधानसभा अलवर,डहरा शाहपुर मंडल के हरिओम गुप्ता अलवर ठामीण, बहादरपुर मंडल से सत्यवीर यादव अलवर ठामीण,अकबरपुर उमरेण मंडल से सुरेन्द्र यादव अलवर ठामीण, एमआईए गूंदपुर मंडल के हरि सिंह अलवर ठामीण विधानसभा,पिनान मंडल के भजन लाल सैनी विधानसभा राजगढ-लक्ष्मणगढ,रेणी मंडल के बादल सैन विधानसभा राजगढ-लक्ष्मणगढ, लक्ष्मणगढ मंडल के प्रदीप जैन विधानसभा राजगढ-लक्ष्मणगढ, गोविन्दगढ मंडल के हरि सिंह सौलंकी विधानसभा रामगढ,बडोदामेव मंडल के गोपाल चौधरी विधानसभा रामगढ, खेरली मंडल के सुनील गोयल विधानसभा कठूबर, खुडियाना मंडल के नरेन्द्र शर्मा को,खोह मंडल के भीमसिंह गुर्जर विधानसभा कठूबर, प्रतापगढ मंडल के भैरू सहाय गुर्जर टहला मंडल के रतन गोड,राजपुर धमरेड मंडल के हरिओम यादव,और थानागाजी मंडल के अषोक चौहान को मडंल प्रतिनिधि नियुक्त किया है।

वही भाजपा के 18 मंडल अध्यक्ष इस प्रकार है अलवर शहर विधान सभा के श्री षिवाजी मंडल अध्यक्ष पद पर सतीष यादव, केषव मंडल के लिए महेष निहालवानी, अलवर ठामीण विधानसभा के डहरा शाहपुर मंडल के नरेन्द्र यादव, बहादरपुर मंडल के प्रमोद शर्मा, अकबरपुर उमरेण से सतीष पटेल, एमआईए गूंदपुर से सुबे सिंह चौधरी ,राजगढ-लक्ष्मणगढ विधानसभा के पिनान मंडल के भाग्यषाली सैनी,रैणी मंडल राजेष कुमार मीणा, लक्ष्मणगढ मंउ से संजीव कटरा, रामगढ विधान सभा के गोविन्दगढ मंडल के योगेन्द्र कुमार शर्मा,बडोदामेव मंडल के मगन लाल, कठूबर विधानसभा के खेरली मंडल के शीलेन्द्र चौहान, खुडियाना मंडल के सियाराम पटेल, खोह मंडल से विक्रम कुमार शर्मा वही थानागाजी विधानसभा के प्रतापगढ मंडल से विश्राम गुर्जर, टहला मंडल से गिर्राज प्रसाद, राजपुर धमरेड से बृज मोहन योगी और थानागाजी मंडल से गोविंद राम कुमावत को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

अवैध बजरी खनन का आरोपी पकड़ा

बौंली-बामनवास। सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में चलाए जा रहे फरार व वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत बौंली पुलिस ने अवैध बजरी खनन व परिवहन के 1 मई 2024 को दर्ज प्रकरण में आरोपी मुरलीराम गुर्जर उम्र 31 वर्ष निवासी राठौद को प्रतापनगर जयपुर से गिरफ्तार किया है। बौंली पुलिस थाने के हैड कांस्टेबल धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि थाना प्रभारी राधा रमन गुप्ता के नेतृत्व में गठित टीम में टीम प्रभारी धर्मपाल उप निरीक्षक की टीम ने खनिज विभाग के कार्य निदेशक रमेश चंद्र बावरी की प्राप्त शिकायत पर कार्रवाई करते हुए 1मई 2024 को खनिज विभाग के एएमई धर्मसिंह मीणा, राजस्व व पुलिस टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई के दौरान ठाम राठौद की बनास नदी पेटे के खसरा नंबर 1020 व 1021 गैर मुमकिन नदी पर पहुंच कर मौका देखा तो पाया गया कि उक्त खसरा नंबर पर ठाम राठौद के मुरली राम गुर्जर, तुलसीराम गुर्जर व विकास गुर्जर एवं निवाई के सुरेश डोई ने मिलकर गहरा पिट खोज कर विभिन्न साधनों से बजरी का अवैध खनन, निर्गमन व परिवहन करके खनिज विभाग को राजस्व का नुकसान किया।

सार-समाचार

सांभर में उर्स का आगाज

सांभरझील। अजमेर ख्वाजा साहब के सगे लाडले पोते ख्वाजा हुसामुद्दीन चिश्ती जिगर सोख्ता रहमतुल्ला अलेह की दरगाह पर अजमेर उर्स से ही लगातार जायरिनों का तांता लगा हुआ है। पुरानी धान मंडी स्थित दरगाह के बुलंद दरवाजे पर झंडे की रस्म के साथ ही 706 वां सालाना उर्स का आगाज हुआ। शफात खान ने विधिवत झंडे की रस्म अदा की। झंडे का जुलूस गाजे बाजे के साथ शहर के मुख्य मार्ग से निकाला गया। दरगाह शरीफ पहुंच कर जुलूस झंडे की रस्म में शामिल हुआ। उर्स 12 जनवरी से 15 जनवरी तक चलेगा। झंडे की रस्म के दौरान मुस्लिम समुदाय के तमाम मौजीज लोग, अंजुमन हुसैनिया इस्लामिया दरगाह कमेटी के ओहदेदारान, अनेक जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी रही।

श्रद्धालुओं ने पाई पंगत प्रसादी

निवाई। कंकाली माता मन्दिर में पौष मास शुक्ल पक्ष की अष्टमी को पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर में अनेक धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। मन्दिर अध्यक्ष शंकरलाल सोनी ने बताया कि मंगलवार अष्टमी पर सुबह माता जी की पूजा अर्चना कर विशेष पोशाक पहनाकर गुलाब के फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया। पौष बड़ा महोत्सव को लेकर दोपहर में अम्बिका मण्डल द्वारा माता रानी का भजन संकीर्तन किया गया। मण्डल की निशा सोनी, दीपिका सोनी ने चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है, मैया की चुन्दरी है लाल लाल, वहीं निशा नामा, हेमा विजय, निधी, बबीता ने रिगंस का भैरूं लाड़ला, गुलाब गजरो से सजी है मेरी मां, माताजी के मन्दिर में भरतार नाचूंगी सहित माता रानी के दरबार में महिलाओं द्वारा माता को नृत्य कर के रिझाया गया। दिन में माताजी के दाल के बड़ों, हलवा, खीर, मालपुआ और बर्फ का भोग लगाकर महाआरती की गई । तत्पश्चात भक्तों को पंगत प्रसादी करवाई गई। इस अवसर पर पुजारी नारायणदास, सुभाष गिन्दोडी, रमाकांत शर्मा, राजेश भट्ट, ओम गहलोत, मनीष सोनी, पवन जैन, मन्नू नामा, श्याम मोदी, पवन साहू, मनू नामा, बनवारी पण्डा, धनराज स्वामी व डॉ. अखिलेश विजय सहित श्रद्धालु कई श्रद्धालु मौजूद थे। इसी प्रकार इन्दिरा कॅलोनी में स्थित श्याम मन्दिर में गुरुवार को भव्य पौष बडा महोत्सव का आयोजन होगा। रवि अठावाल ने बताया पौषबडा महोत्सव के उपलक्ष्य में मन्दिर प्रांगण में सायं 3 से 4 बजे तक हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। हरिनाम संकीर्तन के बाद महाआरती कर बाबा श्याम के पौष बडा का भोग लगाकर भक्तों को प्रसादी वितरित की जाएगी।

रखरखाव की दी जिम्मेवारी

चाकसू। पालिका क्षेत्र के कुल 13 मूत्रालयों / शौचालयों को रखरखाव का जिम्मेवारी सुलभ इन्टरनेशनल सोशल सर्विस आर्गेनाईजेशन जयपुर को टेक ऑवर हेण्ड ऑवर कर दिया गया है। पालिका अधिशासी अधिकारी डॉ.बनवारी लाल मीणा ने बताया कि गत दिनों नगर पालिका चाकसू क्षेत्र में स्थित मूत्रालयों / शौचालयों के रखरखाव के कार्य हेतु मैसर्स सुलभ इन्टरनेशनल सोशल सर्विस आर्गेनाईजेशन जयपुर को पालिका द्वारा कार्यादेश जारी कर दिया गया था तथा पालिका क्षेत्र के कुल 13 मूत्रालयों / शौचालयों को रखरखाव हेतु मंगलवार को कन्ट्रोलर सुलभ इन्टरनेशनल सोशल सर्विस आर्गेनाईजेशन जयपुर को टेक ऑवर हेण्ड ऑवर कर दिया गया है। क्षेत्र में स्थित मूत्रालयों / शौचालयों में से क्रमशः गोदाम के पास स्थित मूत्रालय, किशोर सुनार के पास स्थित मूत्रालय, तहसील के पास स्थित मूत्रालय, गोलीराव पानी की टंकी के पास स्थित मूत्रालय, कोटखावदा मोड के पास अन्नपूर्णा रसोई के पास स्थित मूत्रालय, नीलकण्ठ पुलिया के पास स्थित मूत्रालय, नगर पालिका के सामने स्थित मूत्रालय, भैरूजी मन्दिर के पास स्थित मूत्रालय, सरकारी अस्पताल मामोडिया मोड के पास स्थित मूत्रालय, सब्जी मंडी गाँधी स्मारक के पास स्थित मूत्रालय, चम्पेश्वर मन्दिर डाक बंगला रोड के पास स्थित मूत्रालय, सिचाई भवन के पास स्थित मूत्रालय व दरगाह के पास सामुदायिक शौचालय कुल 13 मूत्रालयों / शौचालयों का हेण्ड ऑवर टेक ऑवर कर दिया गया है शेष सार्वजनिक शौचालयों का शीघ्र हेण्ड ऑवर टेक ऑवर कर कार्य प्रारम्भ करवा दिया जावेगा।

सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू

चाकसू। मंगलवार से राजकीय महाविद्यालय चाकसू में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 7 दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ, सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन दिनांक 07जनवरी 2025 से 13जनवरी 2025 तक किया जाएगा। कार्यक्रम की विधिवत् शुरुआत कार्यक्रम की अध्यक्ष एवं प्राचार्य डॉ सुनीता मीना एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रियंका चौहान ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्राचार्य सुनीता मीना ने अपने उद्बोधन में एनएसएस के इतिहास एवं शिविर के महत्व पर प्रकाश डाला व स्वयंसेवकों को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम अधिकारी ने स्वयंसेवकों को बताया कि शिविर का उद्देश्य न केवल छात्रों को समाज की सेवा में जुटाना है बल्कि उन्हें स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी कार्य करने के लिए प्रेरित करना है । डॉ उर्मिला मीना ने स्वयंसेवकों में सामाजिक उत्तरदायित्व , श्रम का महत्व व स्वयं प्रेरित अनुशासन को विकसित करने पर ज़ोर दिया । उद्घाटन सत्र में 50 वॉलिंटियर्स के अलावा अन्य विद्यार्थी समस्त संकाय सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी ने इन सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्रदान करते हुएं उनकी अक्षरशः पालना पर भी जोर दिया गया।

कमल शर्मा ने की मंत्री से मुलाकात

मनोहरपुर। पशुपालन एवं डेयरी, गोपालन एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत से मिले भाजपा युवा नेता शिवम् कमल शर्मा ने शाहपुरा विधानसभा के विकास कार्यों एवं देवस्थान विभाग व शाहपुरा विधानसभा मे संचालित गौशाला विकास कार्यों को लेकर सार्थक चर्चा की। शिवम् कमल ने मंत्री जोराराम से शाहपुरा विधानसभा के अंतर्गत हाइवे पर होने वाली दुर्घटनाओं मे घायल पशुओं के लिए पशु एम्बुलेंस, देवस्थान विभाग के अंतर्गत आने वाले मंदिर कार्यो एवं पशु चिकित्सालय निर्माण कार्य, गौशाला विकास कार्यों को लेकर बातचीत करी। आगामी बजट मे शाहपुरा विधानसभा के लिए उचित मांगो पर आश्वासन लिया। इस दौरान उनके साथ युवा मोर्चा के अभिषेक शर्मा, तुषार कुमार, महावीर प्रजापति मोहित बिडावत कमलेश कुम्हार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उप सरपंच के मकान के बाहर किचड

पीपलू। उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सन्देड़ा के तेजाजी महाराज मन्दिर रोड पर काफी अरसे से रास्ते मे किचड भरा हुआ है। इस रास्ते पर ठाम पंचायत के उप सरपंच का मकान है। उसके मकान के बाहर ही किचड होने कारण राहगीरों व वाहनो का निकलना मुश्किल हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि करीब पांच वर्ष से सीसी रोड के दोनों और नालियो की सफाई नही हुई है। इस कारण घरो से निकलने वाला पानी रोड पर जमा रहता है। इससे रास्ते मे कई जगह आधा फुट तक सीसी रोड पर कीचड हो गया है। सीसी रोड पर लगातार पानी जमा रहने से कई जगह गड्ढे हो गए है। इससे राहगीर बड़ी मुश्किल से निकल पाते है। रात के समय ठामीणों का कीचड मे होकर निकलना टेढी खीर साबित होता है। लोगो ने कई बार ठाम पंचायत को भी अवगत करवाया। लेकिन नालियो की सफाई आज तक नही हुई।

स्वयंसेवकों ने की साफ-सफाई

निवाई। राजकीय महाविद्यालय निवाई में एनएसएस की इकाई के तत्वावधान में सात दिवसीय शिविर के छठे दिन योगाभ्यास के साथ हुआ। प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई करके पौधों को पानी दिया एवं पौधों की सर्दी से सुरक्षा के उपाय किए। बौद्धिक सत्र में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की कार्यकर्ता अनुपमा तिवाड़ी ने एनएसएस स्वयंसेवकों को लैंगिक संवेदनशीलता विषय पर सामूहिक चर्चा कर संपूर्ण जानकारी दी। स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के आंतरिक परिसर में रंग रोगन का कार्य किया। नशा मुक्ति पर स्लोगन व पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सुमन ने स्वयंसेवकों के माई भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाएं एवं उनको एनएसएस वॉलेन्टिर भी किया।